www.livehindustan.com

हिन्दुस्तान

1936 सत्य · सार्थक · सटीक

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शुक्रवार
7 जून 2024, नोएडा, नगर संस्करण

● पांच प्रदेश ● 21 संस्करण

दिग्गज खिलाड़ी सुनील छेत्री ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लिया

| योजना | ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण ने सड़क को चौड़ा कराने का काम शुरू किया, बिना रुकावट आवागमन हो सकेगा

ग्रेनो वेस्ट में 130 मीटर सड़क पर बस लेन बनेगी

■ सीएल मौर्य

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट को जोड़ने वाली 130 मीटर सड़क पर बस-वे यानि बस के लिए अलग लेन बनेगी। इसके बनने से बसें बिना रुकावट चल सकेंगी। सड़क को चौड़ा करने का काम शुरू कर दिया गया है। प्रथम चरण में ग्रेनो वेस्ट से ग्रेटर नोएडा को आने वाली लेन पर काम चल रहा है।

ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बीच बेहतर कनेक्टिविटी के लिए 130 मीटर चौड़ी सड़क (एक्सप्रेसवे) का निर्माण किया गया है, जिसकी लंबाई लगभग 25 किलोमीटर है। शहर के सिरसा गोलचक्कर से शुरू होकर ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौर सिटी चौक को जोड़ने वाली यह रोड दोनों शहरों को जोड़ती है। नोएडा एयरपोर्ट के लिए बसों का संचालन किया जाना है। ऐसे में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए 130 मीटर रोड पर बसवे के निर्माण का काम शुरू कर दिया गया है।

बस लेन लिए चौड़ी की जा रही ग्रेनो वेस्ट की 130 मीटर सड़क। ● हिन्दुस्तान

बस स्टैंड का निर्माण किया जाएगा

इस सड़क पर अभी कोई बस स्टैंड नहीं है। बस का संचालन भी नहीं किया जा रहा है। बस-वे बनने के बाद बस स्टैंड का भी निर्माण किया जाएगा। शहर में सिटी बस सेवा के रूप में इलेक्ट्रिक बसें चलाने की तैयारी चल रही है।

" नोएडा एयरपोर्ट शुरू होने के बाद शहर में ट्रैफिक का दबाव बढ़ेगा। इसके चलते 130 मीटर सड़क के चौड़ीकरण का काम शुरू कर दिया गया है। अलग से एक लेन का निर्माण किया जा रहा है। शहर की अन्य प्रमुख सड़कें सुधारी जाएंगी। -रवि कुमार एनजी, सीईओ ग्रेटर नोएडा

नोएडा एयरपोर्ट तक की राह आसान होगी

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण 130 मीटर सड़क का विस्तार करेगा। आगे यमुना प्राधिकरण द्वारा काम किया जाएगा। इस तरह यमुना एक्सप्रेसवे यमुना सिटी और नोएडा एयरपोर्ट को इस सड़क से जोड़ा जाएगा। मास्टर प्लान में रोड के विस्तार का प्रावधान किया गया है।